हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


12 बिरनपुर का हाईस्कूल गांवों के बच्चों के सपनों...



12 मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए मिला बीएलओ...






## खबर संक्षेप

### दुर्घटना के आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कोरर अंतर्गत मेन रोड कोरर के पास आरोपी पण्डरीपानी निवासी पवन जैन वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी द्वारा 1 जनवरी को अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट किया। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 125 (बी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नीट को लेकर समीक्षा बैठक 05 जनवरी को

**कांकेर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाने वाली नीट (यूजी) 2026 परीक्षा के सफल आयोजन, परीक्षा केन्द्रों का चिन्हांकन एवं आवश्यक तैयारियों को लेकर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आगामी सोमवार 05 जनवरी को दोपहर 12 बजे से जिला स्तरीय समिति के सदस्यों की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई है। उक्त बैठक में कलेक्टर ने समिति के सदस्यों को निर्धारित तिथि में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### पेंशनर संघ की 5 को होगी बैठक

**भानुप्रतापपुर।** तहसील भानुप्रतापपुर शाखा पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक 5 जनवरी को दोपहर 1 बजे आयोजित की गई है, जिसमें बलौदाबाजार में होने वाले राज्य स्तरीय पेंशनर्स संघ सम्मेलन को लेकर चर्चा करते हुए रणनीति तैयार की जाएगी। पेंशनर्स संघ के सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने आव्हान किया गया है।

### रकबों का संशोधन 7 तक किया जाएगा

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सचिव द्वारा पत्र जारी कर एग्रीस्टैक फार्मर आईडी जनरेटेड किसानों का धान विक्रय हेतु त्रुटिपूर्ण रकबा संशोधन एवं पीव्ही सत्यापन, त्रुटिपूर्ण फसल प्रविष्टि सुधार का विकल्प आगामी 07 जनवरी तक खुला रहने की जानकारी दी गई है। इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि सचिव कृषि विभाग के आदेशानुसार जिले के सभी किसान जो एग्रीस्टैक फार्मर आईडी में पंजीकृत हैं, उनके त्रुटिपूर्ण रकबा संशोधन, पीव्ही सत्यापन, त्रुटिपूर्ण फसल प्रविष्टि का विकल्प शेष पेज 10 पर

ग्रामीणों ने खनिज विभाग के प्रदेश स्तर अधिकारियों को वीडियो व फोटो भेजकर कार्रवाई की माँग की

# हवेचुर में रेत के अवैध खनन व परिवहन में संलिप्त चेन माउंटेन और हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज कांकेर

हवेचुर से गुजरने वाली नदी में चैन माउंटेन लगाकर अवैध ढंग से रेत का उत्खनन किया जा रहा था, इस कार्य में लगी चैन माउंटेन और एक हाईवा को खनिज विभाग ने जप्त कर लिया है। डंप की परमीशन नहीं होने के बावजूद डंप किए गए रेत को लेकर भी नोटिस जारी किया गया है। इस कार्यवाही के बाद इस क्षेत्र में अवैध रेत का उत्खनन करने वालों में हडकंप मच गया है। जानकारों की माने तो स्थानीय जनप्रतिनिधि के संरक्षण में यह अवैध रेत उत्खनन का खेल चल रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हवेचुर के पास से गुजरने वाली नदी से विगत दो माह से दिन-रात रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था और लगभग 120 हाईवा रेत को डंप किया गया था। नियमों को ताक पर रखकर नदी के भीतर चैन माउंटेन मशीन से रेत निकाली जा रही थी, जिससे न केवल नदी का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ रहा था, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा था। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कई बार इसकी शिकायत किए जाने के बावजूद अंतागढ़ में तैनात अधिकारी कार्रवाई करने के लिए डर रहे थे। ग्रामीणों ने खनिज विभाग के प्रदेश स्तर अधिकारियों को वीडियो व फोटो भेजकर कार्यवाही की माँग किया, उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जिले से टीम मौके पर पहुँची। हवेचुर में कार्यवाही करने पहुँचे खनिज विभाग के अधिकारी मृदुल गुहा की शेष पेज 10 पर

**खास बातें**

- अवैध ढंग से रेत को डंप करने वाले ठेकेदार को जारी हुआ नोटिस
- सड़क ठेकेदार के अमले ने खनिज विभाग को अवैध ढंग से हुई डंप रेत का किया खुलासा



### संरक्षण पर चल रहा था अवैध खेल

स्थानीय लोगों और जानकारों की मानें तो यह अवैध रेत उत्खनन किसी के संरक्षण के बिना संभव नहीं था। चर्चा है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में लंबे समय से यह खेल चल रहा था। आरोप है कि प्रभावशाली लोगों के दबाव के चलते पहले शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया गया, जिससे अवैध उत्खनन करने वालों के हौसले बुलंद थे। इस कार्यवाही के बाद रेत माफिया काम को बंद करते है या फिर से इस खेल को शुरू करते है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन करने वालों में हडकंप मच गया है।



### जलस्तर पर पड़ने लगा प्रभाव

ग्रामीणों का कहना है कि नदी से अवैध रूप से रेत निकाले जाने के कारण जलस्तर तेजी से गिर रहा है, जिससे खेती और पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है। बरसात के मौसम में नदी के कटाव का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल एक-दो कार्रवाई कर मामले को ठंडे बस्ते में न डाला जाए, बल्कि नियमित निगरानी कर अवैध उत्खनन को पूरी तरह रोका जाए।

### टेंडर में लेने वाला ठेकेदार परेशान

निविदा प्रकिया में अंतागढ़ नदी के घाट को लेने वाले ठेकेदार के अमले का कहना था कि हम लोगों ने लाखों की राशि पटाकर रेत घाट लिया है, परंतु यहाँ पर स्थानीय नेताओं के संरक्षण में चल रहा खुला खेल से हम लोगों को सीधे नुकसान होगा। अंतागढ़ इलाके में अवैध रेत के उत्खनन पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी, तभी हम लोग कार्य कर सकेंगे।

### चेन माउंटेन व हाईवा जब्त, ठेकेदार को नोटिस जारी

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने इस विषय पर हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर टीम को हवेचुर भेजा गया था। टीम को हवेचुर के पास से निकलने वाली नदी पर रेत का अवैध उत्खनन कर रही एक चैन माउंटेन मिली, जिसे सील कर दिया गया है। एक हाईवा को जप्त किया गया, जिसे थाना प्रभारी को सौंपा गया है। सड़क निर्माण में लगे ठेकेदार के कार्यस्थल के पास डंप रेत को लेकर नोटिस जारी किया गया है।

# घर आंगन में झाड़ू लगाती वृद्ध महिला पर दो भालुओं ने किया हमला, महिला गंभीर

हरिभूमि न्यूज चारामा



वन परिक्षेत्र चारामा अंतर्गत ग्राम तेलगुड़ा में शुक्रवार 2 जनवरी की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब घर के आंगन में रोजमर्रा का काम कर रही एक अधेड़ महिला पर जंगल से भटककर आए दो जंगली भालुओं ने अचानक हमला कर दिया। पल भर में शांत गांव चीख-पुकार से गूंज उठा। महिला के शरीर पर भालुओं के नुकीले पंजों और दांतों के निशान इस बात की गवाही दे रहे हैं कि मौत कितनी नजदीक से छूकर गुजरी। घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रायपुर रिफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम तेलगुड़ा निवासी 60 वर्षीय सत्या कोसरिया 2 जनवरी की सुबह-सुबह अपने घर के आंगन में झाड़ू लगा रही थीं, तभी जंगल की ओर से अचानक पहुँचे दो भालुओं ने एक साथ बुजुर्ग महिला पर हमला बोल दिया। अचानक हुए इस हमले से महिला संभल भी नहीं पाई और जमीन पर गिर पड़ी। भालुओं ने उनके कमर, सिर और पीठ पर गंभीर वार किए, जिससे वे लहूलुहान हो गईं। घटना के समय महिला की चीखें सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जोर-जोर से शोर मचाया। ग्रामीणों के शोर और हलचल से घबराकर दोनों भालू जंगल की ओर भाग गए। ग्रामीणों की तत्परता से महिला की जान बच सकी, लेकिन तब तक वे गंभीर रूप से घायल हो चुकी थीं। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को तत्काल चारामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों ने बताया कि महिला को गहरी चोटें आई हैं और उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही शेष पेज 10 पर

### आरक्षक पद पर 44 को दिया गया नियुक्ति पत्र



**कांकेर।** आरक्षक भर्ती 2023-24 के अंतर्गत कांकेर जिला के चयनित जिला उत्तर बस्तर कांकेर में कुल 133 पदों पर भर्ती की गई, जिसमें 125 अभ्यर्थियों में से 44 अभ्यर्थियों, जिसमें 26 पुरुष, 17 महिला एवं 1 तृतीय लिंग को 01 जनवरी 2026 को मेडिकल एवं चरित्र सत्यापन उपरांत एसपी निखिल राखेचा एवं एएसपी भानुप्रतापपुर आईपीएस आकाश श्रीमाल ने नियुक्ति पत्र सौंपकर नव-नियुक्त अभ्यर्थियों का स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात प्रशिक्षण एवं विभागीय जानकारी अलग से दिए जाने की जानकारी दी गई।

# कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर मार्ग को मजबूत करने केंद्र से 131 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज कांकेर

- सड़क चौड़ीकरण से यातायात होगी सुरक्षित, विकास को मिलेगा बढ़ावा



नए साल की शुरुआत कांकेर जिले के लिए विकास की खुशखबरी के साथ हुई है। लंबे समय से प्रतीक्षित कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर मार्ग के मजबूतीकरण और उन्नयन का सपना अब साकार होगा। केंद्र सरकार ने इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत कर जिले के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। इस योजना से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी। भारत सरकार द्वारा केंद्रीय अवसंरचना निधि के तहत कांकेर जिले के कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर मार्ग के 48.4 किलोमीटर लंबे हिस्से को विकसित और मजबूत किए जाने की घोषणा किया है। इस कार्य के लिए कुल 130 करोड़ 63 लाख रुपये की बड़ी राशि स्वीकृत की गई है, जिससे सड़क की गुणवत्ता, मजबूती और सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा। यह मार्ग जिले का एक प्रमुख संपर्क मार्ग है, जो ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी इलाकों से जोड़ता है। वर्तमान में सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में हुए गड्ढो और खराब सतह के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती शेष पेज 10 पर

### अवैध शराब और सार्वजनिक शराबखोरी पर की कार्रवाई



**कांकेर।** जिले में अवैध शराब कारोबार एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन के विरुद्ध पुलिस द्वारा सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 1 जनवरी को चारामा पुलिस ने सरारपारा चारामा निवासी सुखनंदन उईके पिता अकलूराम उईके के कब्जे से लगभग साढ़े चार लीटर महुआ शराब एवं नगद 200 रुपये जप्त किए। इसके अलावा थाना कांकेर पुलिस ने शिवनगर, कांकेर निवासी 31 वर्षीय मनीष कावड़े पिता कन्हैया राम तथा शिवनगर निवासी 18 वर्षीय लिमेश कुमार यादव पिता पुनीत राम को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पकड़ा। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव

उपहार वितरण सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।

नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।





**खबर संक्षेप**



## सर्वाधिक 87 सड़कें बस्तर जिले में बनेंगी

**जगदलपुर।** ग्रामीण अधोसंरचना के क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चतुर्थ चरण के अंतर्गत राज्य में 2225 करोड़ रुपये की लागत से 774 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से हुई है। उप मुख्यमंत्री ने जारी बयान में कहा है कि पीएमजीएसवाय के अंतर्गत सबसे अधिक 87 सड़कें बस्तर जिले में बनेंगी। बीजापुर में 44, कांकेर में 41, कोण्डागांव में 34, सुकमा में 16, दंतेवाड़ा में 12 को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

## बामनपुर में सैचुरेशन शिविर का आयोजन

**बीजापुर।** नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत बामनपुर के आश्रित ग्राम करका वाया, जो कि अनुभाग भोपालपटनम से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक अतिसंवेदनशील ग्राम है में आज ग्राम पंचायत भवन में सैचुरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ प्रदान करना रहा। शिविर के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण, आधार कार्ड अपडेट, सोलर पंप हेतु आवेदन, मनरेगा जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित कार्यों का निराकरण किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामवासी अपने-अपने कार्यों के समाधान हेतु उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) यशवंत नाग द्वारा शिविर में उपस्थित होकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यों के त्वरित, पारदर्शी एवं सुचारु निष्पादन के निर्देश दिए।

## समय पर भुगतान से किसान गंगा का बढ़ा आत्मविश्वास

**बीजापुर।** ग्राम जैतालूर निवासी किसान गंगा देव ठाकुर सरकार की धान खरीदी व्यवस्था से लाभान्वित होकर आज आत्मविश्वास और संतोष से भरे हुए हैं। लगभग 25 एकड़ भूमि के मालिक किसान गंगा देव ठाकुर ने इस वर्ष अपनी उपज का धान बीजापुर स्थित उपार्जन केंद्र में विक्रय किया। किसान गंगा देव ठाकुर ने बताया कि धान विक्रय के तीसरे दिन ही पूरी राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा हो गई, जिससे उन्हें किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। समय पर भुगतान मिलने से उन्होंने उस राशि का उपयोग अपने ट्रैक्टर की किस्त अदा करने में किया जिससे उनके चेहरे पर स्पष्ट खुशी नजर आई। किसान ने धान उपार्जन केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थित व्यवस्थाओं, पारदर्शी प्रक्रिया और कर्मचारियों के सहयोग की सराहना की।

### समस्या : जगह की कमी से धान पलटी, कांटा एवं खरीदी कार्य में भारी असुविधा

# सरोना उपार्जन केंद्र में धान जाम, उठाव ठप व्यवस्था बिगड़ी व खरीदी बंद होने की नौबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



तहसील सरोना अंतर्गत सहकारी समिति सरोना के उपार्जन केन्द्र में धान का उठाव नहीं होने के कारण गंभीर स्थिति निर्मित हो गई है। धान बोरे के परिवहन की गति अत्यंत धीमी होने से मंडी परिसर पूरी तरह धान से भर गया है। हालत यह है कि किसानों और कर्मचारियों को पैर रखने तक की जगह नहीं बची है, जिससे धान पलटी, कांटा एवं खरीदी कार्य में भारी असुविधा हो रही है।

मंडी प्रांगण सरोना में चारों ओर धान के बोरे लगे हुए हैं। बोरे रखने की जगह समाप्त हो चुकी है और अब कांटा करने के लिए भी पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है। यदि शीघ्र ही धान परिवहन की लिमिट नहीं बढ़ाई गई और ट्रकों की संख्या में इजाफा नहीं हुआ, तो अगले सप्ताह सोमवार से धान खरीदी पूरी तरह बंद करनी पड़ सकती है। 31 दिसंबर की स्थिति में उपार्जन केन्द्र सरोना में कुल 36269.20 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें से मात्र 1880.00 क्विंटल धान का ही परिवहन हो पाया है। शेष 34389.20 क्विंटल धान अभी भी मंडी परिसर में पड़ा हुआ है। अब तक 684 किसानों से धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके अलावा अभी कई किसानों की खरीदी शेष है, जिनका टोकन जनवरी माह में कटा हुआ है। उपार्जन केन्द्र सरोना में जिन किसानों की धान खरीदी अभी शेष है, वे अधिक रकबा वाले किसान हैं। इनमें शंकर ध्रुवा पूर्व विधायक, कमल ध्रुवा युवा कांग्रेस, श्यामा ध्रुवा पूर्व विधायक, लच्छू साहू सहित अन्य बड़े किसान शामिल हैं। यदि जनवरी माह में इन किसानों की धान खरीदी नहीं हो पाती है, तो किसानों की परेशानी और अधिक बढ़ जाएगी।

किसानों का कहना है कि उन्होंने सहकारी समिति सरोना से कृषि ऋण लेकर खाद, बीज, दवाई आदि के लिए किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण लिया है। समय पर धान खरीदी और भुगतान नहीं होने से किसानों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में यदि शेष किसानों की धान खरीदी नहीं की गई, तो सभी किसान एकजुट होकर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। किसानों ने मांग किया कि शासन-प्रशासन द्वारा उपार्जन केन्द्र सरोना का नियमित निरीक्षण किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि पंजीकृत सभी किसानों का धान हर परिस्थिति में खरीदा जाए। किसानों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर समय पर धान खरीदी उनकी प्राथमिक आवश्यकता है।

उपार्जन केन्द्र सरोना के प्रबंधक अरुण साहू, खरीदी प्रभारी अजीत भास्कर, ऑपरेटर रूप नारायण निषाद एवं समिति अध्यक्ष जीवन नेताम सहित सहकारी समिति के संचालकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि धान बोरे के परिवहन की लिमिट तत्काल बढ़ाई जाए और ट्रकों की संख्या में वृद्धि की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते परिवहन की व्यवस्था नहीं की गई, तो मजबूरी में सोमवार से धान खरीदी बंद करनी पड़ेगी।

# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा में सुखई स्कूल प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



संकुल केन्द्र मेडो के अंतर्गत ग्राम भुसकी में आयोजित दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में संकुल के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सुखई, मेडो, चाहचाड, भुसकी एवं पड़गाल के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में खेल भावना, अनुशासन एवं प्रतिस्पर्धा की भावना देखने को मिली।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल और पढ़ाई दोनों जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों से जहां शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, वहीं पढ़ाई से भविष्य की दिशा तय होती है। उन्होंने बच्चों से नियमित पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय रहने का आव्हान किया। अतिथियों द्वारा सभी विजेता एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। बालिका वर्ग में भी कबड्डी एवं खो-खो में सुखई स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि वॉलीबॉल एवं रिले रेस में मेडो स्कूल विजेता रहा। प्राथमिक बालक वर्ग में भी कबड्डी एवं खो-खो में सुखई स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। व्यक्तिगत खेलों में 80 मीटर दौड़ में अर्जुन एवं सुप्रिया, 100 मीटर दौड़ में अर्जुन एवं नमिता, 200 मीटर दौड़ में करन एवं आरती, 400 मीटर दौड़ में करन एवं ओजेश्वरी प्रथम रहे। लंबी कूद में गौतम, अनिमा, हुमेश्वर एवं कविता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आलू दौड़ में अर्जुन एवं संजना तथा गोला फेंक में करन एवं पुनिता विजेता रहे। ऊंची कूद में विकास एवं अनिमा ने प्रथम स्थान हासिल किया।

इस अवसर पर जनपद सदस्यराजू विकास नायक, रामचन्द्र कल्लो, अशोक जैन, नागसाय तुलावी तथा सरपंच मुकेश कुमार गावड़े, रमशीला कोमरा एवं रमेश दुग्गा, संकुल प्राचार्य हेमन्त श्रीवास्तव, संकुल समन्वयक किशोर कुमार विश्वकर्मा सहित संकुल के शिक्षक मेहरसिंह कोमरा, मधुराम नेताम, इन्दू कोमरा, नीतेश कुमार नेताम सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बिहान योजना से आत्मनिर्भर बनीं ग्रामीण महिलाएं, सीईओ ने सराहा



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम के तहत संचालित बिहान कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार सकारात्मक परिणाम दे रहा है। इस योजना के माध्यम से महिलाएं न केवल स्वरोजगार से जुड़ रही हैं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ कर रही हैं।

कराकी की नवदीप स्व सहायता समूह की महिलाओं ने आजीविका उपार्जन के लिए बैंक लिंकेज ऋण लेकर मिक्सर मशीन खरीदी है। यह मशीन विवाह, सामाजिक कार्यक्रमों एवं अन्य आयोजनों में किराए पर दी जा रही है, जिससे समूह की महिलाओं को नियमित और स्थायी आय प्राप्त हो रही है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में छोटे संसाधनों से बड़े बदलाव का सशक्त उदाहरण बन रही है। इस कार्य में समूह की अध्यक्ष संगीता सघडोडया, सचिव सत्या यादव तथा पीआरपी दिनेश्वरी साहू की सतत मॉनिटरिंग से सभी सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। बीपीएम नंदिनी दीवान ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड दुर्गुकोंदल में लगभग 1200 महिला स्व सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। सीईओ ने कहा कि शासन की मंशा है कि ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनें और स्वयं के पैरों पर खड़ी हों। एनआरएलएम और बिहान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षण, ऋण सुविधा एवं विपणन से महिलाओं को जोड़ा जा रहा है, जिससे वे स्थायी आजीविका सुनिश्चित कर सकें। ग्राम कराकी की नवदीप स्व सहायता समूह की यह पहल शासन की योजनाओं की सफलता का जीवंत उदाहरण है, जहां महिलाएं समूह के माध्यम से अपनी आय बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रही हैं।

## रामकुमार कन्या उमावि में यादव समाज ने पदोन्नत शिक्षकों एवं छात्रों का किया सम्मान



**कांकेर।** प्रवीण सूची में आने वाले छात्राओं, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक व व्याख्यता के पद पर पदोन्नत होने वालो को शहीद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को सम्मानित किया गया। समाज प्रमुखों ने शहीद रामकुमार यादव के जीवन परिचय बताया व शहीद को याद करते हुए कहा कि शहीदों के नाम से जब किसी स्कूल कॉलेज का नाम होता है तो बच्चों मे स्वतरू ही देश के प्रति सम्मान जागृत होता है। कक्षा 10 वीं में प्रवीण सूची में आने वाले छात्र इशिका यादव, श्रेया साहू, उर्वशी यादव, लक्ष्मी देवी और 12 वीं कला संकाय के दिव्या कोमरे, मंजुलता कोर्राम, टिंकल पटेल, यामिनी पटेल, विज्ञान संकाय से हिना साहू, दीपिका गावड़े, लक्ष्मी बढ़ाई, गणित संकाय में दीपिका, दीपा, सौम्या ठाकुर, वाणिज्य संकाय में हेमपुष्पा कुल्हरिया, कृति करेशिया, वर्षा, गृह विज्ञान संकाय में डिंपल मंडावी, अंकिता जुर्री, रूपा नेताम ऐसे 20 बच्चों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह पेन कापी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सेवानिवृत्त प्रधान पाठक मथुरा मेश्राम एवं व्याख्याता गीता मिश्रा व शशि वर्मा को शाल श्रीफल एवं डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया। व्याख्याता पद से पदोन्नत होकर प्राचार्य बनने वाले अंजना श्रीवास्तव, करूणा वैध, जयश्री शुक्ला को शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त सैनिक परिवार मे नायक प्यारे लाल प्रजापति, कैप्टन जगमोहन साहू, नायब सूबेदार राजू राम साहू, हवलदार नरेश गंगबेर व व्याख्याता बलिराम सिन्हा को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में शहीद परिवार से जैन बत्ती यादव, वंशीका यादव, वैभव यादव, रामस्वरूप यादव, राजेश यादव, गिरधर यादव, धनेश याद,व हेमन्त यादव, बल्लू यादव, अशोक यादव, विजय यादव, तीजू यादव व समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहें।

# नवीन पाठ्य-पुस्तक आधारित प्रशिक्षण का प्रथम व द्वितीय चरण का हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल में नवीन पाठ्य-पुस्तक आधारित प्रशिक्षण का प्रथम एवं द्वितीय चरण प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण विकासखंड के विभिन्न जोन एवं संकुलों में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के पाठ्यक्रम में किए गए बदलावों की जानकारी शिक्षकों को देना तथा उन्हें कक्षा शिक्षण में प्रभावी रूप से लागू कराना है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक शालाओं के पाठ्यक्रम में व्यापक परिवर्तन किए गए हैं। इन परिवर्तनों का उद्देश्य बच्चों को मूलभूत भाषाई एवं गणितीय कौशल में दक्ष बनाना है, ताकि प्रारंभिक कक्षाओं में ही उनकी सीखने की नींव मजबूत हो सके। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विकासखंड दुर्गूकोंदल के संकुलों को तीन जोन में विभाजित किया गया है। प्राथमिक स्तर पर कक्षा 1 से 5 तक अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में नवीन पाठ्य-पुस्तकों की संरचना, गतिविधि आधारित शिक्षण, सीखने-सिखाने की नई विधियों तथा बच्चों की सहभागिता बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है।

शिक्षकों को यह भी बताया जा रहा है कि किस प्रकार पाठ्य-पुस्तक को केवल पढ़ाने के बजाय उसे अनुभव आधारित शिक्षण से जोड़ा जाए। माध्यमिक स्तर पर कक्षा 6 से 8 तक अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को प्रथम चरण का विषय आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य माध्यमिक स्तर की नवीन पाठ्य-पुस्तकों में किए गए बदलावों के अनुरूप अध्ययन-गतिविधियों के नए तरीकों को कक्षा में प्रभावी ढंग से लागू कराना है, जिससे विद्यार्थियों में समझ, तर्क एवं विश्लेषण की क्षमता का विकास हो सके। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर किशोर कुमार विश्वकर्मा, मिथलेश सोनी, ऋषिकेश पटेल, बालकान दर्रो, हेमंत भावसार, पुनीत उसेंडी, योगेश मरकाम, पुरुषोत्तमदास साहू एवं आस्था वर्मा द्वारा शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनरों द्वारा व्यावहारिक उदाहरणों, समूह चर्चा एवं गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण को रोचक एवं उपयोगी बनाया जा रहा है।

## चारामा में श्याम संकीर्तन करते किया नववर्ष का स्वागत



**चारामा।** नगर में नववर्ष 2026 के अवसर पर 1 जनवरी कि शाम गायत्री मंदिर परिसर में भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। यह आयोजन जय श्री श्याम सेवा समिति, चारामा के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 8 बजे से बाबा श्याम कि पूजा अर्चना कर किया गया। भजन प्रवाहक निखिल और श्याम के द्वारा गणेश वंदना कर संकीर्तन प्रारंभ किया गया। संकीर्तन में हजारो श्याम भक्तों ने बाबा के भजनो का आनंद लिया। हनुमान, भगवान भोले बाबा, कृष्ण और राम भगवान के भी भजन गए गए, भजनो. पर भक्त भी थिरकते रहे, भजन के प्रारम्भ से अंत तक समिति की और से प्रसाद का वितरण किया गया।

भक्तों के लिए प्रसाद वितरण की भी उत्तम व्यवस्था रही। यह संकीर्तन कार्यक्रम देर रात 12 बजे श्री खाटू श्याम जी कि भव्य आरती के साथ संपन्न हुआ। आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण इस आयोजन ने नगरवासियों को नए वर्ष की सकारात्मक और मंगलमय शुरुआत का संदेश दिया।

## ऑटो चालक प्रशिक्षण शिविर में लाइसेंस की जांच की गई



**कांकेर।** 37 वाँ सड़क सुरक्षा माह के क्रम में 2 जनवरी को शहर में चलने वाले ऑटो चालकों का प्रशिक्षण शिविर, दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम का आयोजन नया बस स्टैण्ड डोम कांकेर में रखा गया था, जिसमें आटो चालकों को यातायात संबंधी जानकारी देकर यातायात जागरूकता के लिए ऑटे में पॉमप्लेट चसपाया कराया गया। शिविर के दौरान ऑटो चालकों का लाईसेंस चेक किया गया, जिसके पास लाईसेंस नही पाने पर यातायात माह शिविर लगने पर बनवाने के लिए पहल किया गया, सड़क दुर्घटना में घायलों को त्वरित मदद कर अस्पताल पहुंचाने निर्देश दिया गया, शहर में संचालित लगभग 70-80 ऑटो में पुलिस मुख्यालय रायपुर से प्राप्त यातायात जागरूकता पामप्लेट को प्रचार-प्रसार के लिए लगाया गया, ऑटो चालकों को वर्दी व नेम प्लेट एवं वाहन में टोकन लगाने के लिए निर्देशित किया गया, प्रशिक्षण के दौरान ऑटो चालक चेतन राम साहू, पण्डरीपानी कांकेर का दस्तावेज व साफ-सुथरी वर्दी एवं ऑटो को व्यवस्थित तरिके से रखने के लिए यातायात माह के समापन कार्यक्रम के दौरान प्रशति पत्र व इनाम दिया जाएगा। प्रशिक्षण व दस्तावेज कार्यक्रम के दौरान ऑटो संघ अध्यक्ष शाहिल मेहरा एवं ऑटो संघ को समस्त यातायात नियमों का पालन करने शपथ दिलवाई गई।

### पेज 09 के शेष...

#### हवेचुर में रेत...

माने तो हाईवा क्रमांक सीजी 04 एनएस 5781 को जप्त कर थाना प्रभारी को सौंपा गया। चैन माउंटेन को नदी से आधा किमी. दूर ले जाकर मशीन को सील करके आपरेटर को सुपुर्द किया गया। इसके अलावा अंतागढ़ से नारायणपुर की सड़क बनाने वाले ठेकेदार के साईड पर लगभग 120 हाईवा रेत डंप थी, इस पर ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है।

#### घर आंगन में...

है। फिलहाल वे चिकित्सकीय देखरेख में हैं। घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि भोजन और पानी की तलाश में जंगली भालू लगातार आबादी वाले इलाकों की ओर पहुंच रहे हैं। खासकर सुबह और शाम के समय लोगों में भय बना रहता है और महिलाएं व बच्चे घर से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव के आसपास गश्त बढ़ाने, भालुओं की गतिविधियों पर नजर रखने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

#### रकबों का संशोधन...

आगामी 07 जनवरी तक सोसायटी एवं लैम्पस मॉड्यूल खुला रहेगा। उन्होंने जिले के किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा में सुधार की कार्यवाही पूर्ण करा लें, ताकि अपने पंजीकृत रकबा का त्रुटि सुधार कराकर अपने धान का विक्रय कर सकें।

#### कांकेर-भानुप्रतापपुर...

है। क्षेत्र के लोग लगातार सरकार को कोस रहे थे, कांग्रेस के कार्यकाल में भी पांच वर्ष में लगातार सड़क के मजबूतीकरण की माँग उठती रही, परंतु सड़क की हालत बद से बदतर होते गई। केंद्र सरकार के द्वारा सुध लिए जाने पर अब सड़क निर्माण के बाद वाहन चालकों को सुरक्षित और सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा। भानुप्रतापपुर और संबलपुर क्षेत्र के ग्रामीणों को जिला मुख्यालय कांकेर तक पहुंचने में समय की बचत होगी।

**केंद्र एवं राज्य सरकार का व्यक्त किया आभार:** स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने इस स्वीकृति पर खुशी जताते हुए केंद्र और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि यह सड़क परियोजना कांकेर जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। आने वाले समय में इस मार्ग के विकसित होने से कांकेर जिले की आमजनता को राहत मिलेगी।

### नामांकन वापसी, चुनाव चिन्ह आवंटन और 6 को मतदान

# भानुप्रतापपुर व्यापारी संघ चुनाव में दो पैनल व एक निर्दलीय मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



व्यापारी संघ भानुप्रतापपुर चुनाव को लेकर चल रही चुनावी प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को नामांकन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो गई। चुनाव समिति द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्रों की खरीदी सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक हुई, जबकि भरे हुए नामांकन पत्र शाम 3 बजे से 6 बजे तक जमा किया गया।

नामांकन प्रक्रिया पूरी होते ही चुनावी तस्वीर काफी हद तक स्पष्ट हो गई है। इस बार व्यापारी संघ चुनाव में दो संगठित पैनल और एक स्वतंत्र प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतर चुके हैं, जिससे मुकाबला रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक होने के आसार बन गए हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब नगर के व्यापारिक वर्ग की निगाहें नामांकन वापसी, चुनाव चिन्ह आवंटन और 6 जनवरी को होने वाले मतदान पर टिकी हुई हैं। व्यापारी संघ चुनाव को लेकर पूरे भानुप्रतापपुर में उत्सुकता और चर्चा का माहौल बना हुआ है। चुनाव में सबसे पहले सक्रियता दिखाने वाले युवा एकता पैनल ने व्यापारी संघ के सभी पाँच प्रमुख पदों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जमा किए हैं। पैनल ने संगठित रणनीति के तहत एकजुट होकर चुनाव लड़ने का संकेत दिया है। युवा एकता पैनल के प्रत्याशी अध्यक्ष राकेश रामानी, उपाध्यक्ष अनूप दास, सचिव विजय जैन, कोषाध्यक्ष कपूरचंद जैन, सह-सचिव गौरव नशीने, वहीं व्यापार विकास पैनल ने भी व्यापारी संघ के सभी पदों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल कर चुनाव को सीधी टक्कर का रूप दे दिया है। पैनल ने अनुभव और संगठनात्मक मजबूती के आधार पर चुनाव लड़ने का दावा किया है। व्यापार विकास पैनल के प्रत्याशी अध्यक्ष नरेश जैन, उपाध्यक्ष अनूप चौधरी,सचिव विशाल आहूजा, कोषाध्यक्ष अंशुल जोशी, सह-सचिव राजेश साहू, उपाध्यक्ष पद के लिए। इसके अतिरिक्त उपाध्यक्ष पद के लिए स्वतंत्र प्रत्याशी सतेंद्र कुलदीप द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। स्वतंत्र प्रत्याशी की एंट्री से उपाध्यक्ष पद का चुनाव विशेष रूप से दिलचस्प माना जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि व्यापारी संघ भानुप्रतापपुर की चुनावी प्रक्रिया पिछले लगभग छह माह से जारी थी। 20 दिसंबर 2025 को आयोजित आमसभा में व्यापारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से चुनाव कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया था। इसके पश्चात 27 दिसंबर 2025 को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया तथा 30 दिसंबर तक आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं, जिनका निराकरण नियमानुसार किया गया। 3 जनवरी दोपहर 12 बजे तक नामांकन वापसी, 3 जनवरी दोपहर 3 बजे चुनाव चिन्हों का आवंटन, 6 जनवरी सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान, 6 जनवरी शाम 4 बजे से मतगणना। परिणाम घोषित होने के पश्चात विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

आमसभा में सर्वसम्मति अनंत गोपाल कोठारी, जीवनचंद जैन एवं मोहन हल्द्वानी के मार्गदर्शन में पूरी चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। चुनाव संचालन समिति में अभिषेक पांडेय, भगत शांडिल्य, नमन झाबक जैन, आदित्य गोलानी, नरेंद्र साबले, लक्ष्मण माखीजा, प्रसन्न गांधी, परवेज़ शेखानी, यश कथूरिया एवं सन्नी सामनानी को शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### मसीह समाज ने नववर्ष पर बच्चों को दिए गिफ्ट



**तोकापाल।** साल्वेशन लाईट मिनिस्ट्रीज इंडिया बड़े आरापुर के तत्वाधान में मसीही समाज द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में आरापुर चर्च मुख्यालय से लेकर तोकापाल बाजार चौक तक डीजे के साथ गाजे बाजे सहित झंडे लिए नाचते गाते शुभकामना रैली निकाली गई। हिन्दू, मुसलमान, सिख, इसाई, जैन, बौद्ध व सर्व आदिवासी समाज सभी को प्रभु यीशु मसीह के शिक्षानुसार प्रेम व शांति का संदेश सहित शुभकामना दी गई। इस रैली में हजारों संख्या में विश्वासी लोग सम्मिलित हुए। साल्वेशन लाईट मिनिस्ट्रीज़ चर्च मुख्यालय में नववर्ष सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. रेव्ह सुशील कुमार संगम व पास्टर मीना संगम के द्वारा किया गया। उन्होंने प्रेम, आशा, विश्वास, एकता व भाईचारे का शास्त्र आधारित उपदेश दिया। सभा में सामाजिक व धार्मिक लीडर्स जकर्याह गागरु नाग गाड़म, सिंह आरापुर, जोसफ मावलीपदर, सेत करंजी, लक्ष्मण, प्रदीप, तुलसी, याकूब सोनी एवं अरुण कुमार नंदा- डिलमिली, यीशुदास काटाकांदा और मिशन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। बच्चों को क्रिसमस व नए वर्ष की खुशी में उपहार बांटी गई। भोजन के साथ सभा का समापन किया गया।

### अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर कलेक्टर सख्त

**बीजापुर।** बीजापुर व्यापारी संघ की मांग पर जिला कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर ने अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लापरवाही पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, मरीजों की सुविधाएं, दवाइयों की उपलब्धता, स्टाफ की उपस्थिति सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर सभी कमियों को दूर कर व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर बीजापुर एसडीएम जागेश्वर कौशल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीआर पुजारी एवं सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर सहित अस्पताल के स्टाफ तथा बीजापुर व्यापारी संघ के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## निधन

### खिरेंद्रनाथ पाणिग्राही



**जगदलपुर।** नगर निगम के जल विभाग में कार्यरत तथा डोंगाघाट निवासी खिरेंद्रनाथ पाणिग्राही का 2 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी रवीना पाणिग्राही तथा पुत्र खगेंद्र एवं मुकेश सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे मिलनसार, कर्तव्यनिष्ठ एवं सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को उनके गृह ग्राम डोंगाघाट में विधिवत सम्पन्न किया गया।

## मुख्यमंत्री का हेलीपैड में आत्मीय स्वागत...





**दंतेवाड़ा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कारली हेलीपैड में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय के साथ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल भी आए। इस दौरान वन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला दंतेवाड़ा केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, राज्य महिला आयोग के सदस्य ओजस्वी मण्डावी सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों और बस्तर आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, डीएफओ सागर जाधव तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया।

### नव पदस्थ कलेक्टर का पहला दौरा कोंटा, विभागों के कामकाजों का किया निरीक्षण

# कलेक्टर ने की शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और राजस्व व्यवस्था की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

कलेक्टर अमित कुमार ने विकासखण्ड कोंटा क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण करते हुए शिक्षा, महिला-बाल विकास, स्वास्थ्य एवं राजस्व विभागों के कार्यों का जायजा लिया। ज्ञात हो कि जिला सुकमा में नव पदस्थ कलेक्टर अमित कुमार का यह पहला दौरा कोंटा ब्लॉक मुख्यालय में रहा। इस दौरान उन्होंने विभिन्न संस्थानों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण लिया और गुणवत्ता सुधार को लेकर निर्देश दिए।

- **मध्यान्ह भोजन विद्यालय परिसर में ही बच्चों को उपलब्ध कराया जाए**

कलेक्टर अमित कुमार ने प्राथमिक शाला फंदीगुड़ा का निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता परखी। उन्होंने बच्चों से रूबरू होकर अध्ययन स्तर जाना तथा स्कूल प्रबंधन समिति एसएमसी की बैठकों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मध्यान्ह भोजन विद्यालय परिसर में ही बच्चों को उपलब्ध कराया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा घर से थाली या बर्तन लेकर न आए। इसके साथ ही विद्यालय के रसोई कक्ष का निरीक्षण कर स्वच्छता और व्यवस्थाओं की जांच की। इस



निरीक्षण दौरे के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुकुंद ठाकुर, एसडीएम कोंटा सुभाष शुक्ला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण, पोषण पर विशेष फोकस

कलेक्टर अमित कुमार ने आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों को दी जा रही शिक्षा एवं पोषण आहार की जानकारी ली। उन्होंने कुपोषित एवं गंभीर कुपोषित बच्चों को युद्धस्तर पर एनआरसी पोषण पुनर्वास केंद्र भेजने के निर्देश दिए। साथ ही एनआरसी में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, आंगनवाड़ी केंद्रों में गैस की उपलब्धता, तथा पोषण ट्रैकर में नियमित एंट्री करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होनें पुराना बालक आश्रम छात्रावास, भेज्जी परिसर का निरीक्षण कर उसके मरम्मत कार्य कर कॉलेज विद्यार्थियों के ठहराव हेतु उपयोग में लाने के निर्देश दिए। बालक आश्रम मेहता एवं बालिका आश्रम ढोंड्रा का निरीक्षण किया। बच्चों की दिनचर्या अनुशासन और शिक्षा की गुणवत्ता जानी। कलेक्टर ने प्रश्न कर शैक्षणिक स्तर का आकलन किया। कलेक्टर ने एनआरसी भवन का भी निरीक्षण किया।

### एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण

कलेक्टर अमित कुमार ने एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर राजस्व प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने आय जाति एवं निवास प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदनों की जानकारी ली और प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कोर्ट रूम का निरीक्षण कर लंबित बकाया राशि प्रकरणों की जानकारी ली तथा धान विक्रय से संबंधित मामलों में किसानों से चर्चा की। उन्होंने जाति-निवास प्रमाण पत्र के प्रकरणों में तेजी लाने एवं एसआईआर से संबंधित आवश्यक निर्देश भी दिए। साथ ही बीईओ कार्यालय में नियमित अपडेट सुनिश्चित करने को कहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में पेसेंट से कुशलक्षेम जाना। कोंटा में ऑपरेशन कक्ष का निरीक्षण कर संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही आश्रम छात्रवासों में मलेरिया रोकथाम हेतु मच्छरदानी वितरण एवं नियमित फॉगिंग करने और क्लस्टरवार सभी आश्रम-छात्रावासों को फॉगिंग कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में ग्राउंड फ्लोर की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत, सभी कक्षों पर नाम लिखने के निर्देश भी दिए।

# जिपं सीईओ ने ग्राम पंचायत तुड़पारास का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा ने आज ग्राम पंचायत तुड़पारास का निरीक्षण कर पंचायत क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की गहन समीक्षा की।

- **विकास कार्यों, आंगनवाड़ी व योजनाओं की प्रगति की ली जानकारी**

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने ग्राम पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए उनकी गुणवत्ता, प्रगति एवं निर्धारित समय-सीमा की जानकारी ली। उन्होंने कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया, जहां बच्चों तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। आवश्यक सुधार हेतु संबंधित कर्मचारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सीईओ ने हितग्राहियों से संवाद किया तथा आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही जल शक्ति अभियान के अंतर्गत किए जा रहे जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों का निरीक्षण किया गया। सीईओ ने जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान पंचायत एवं विभागीय अधिकारी, सरपंच, सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना है तथा इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पहुंची महिला से दुर्व्यवहार

- **महारानी अस्पताल में कर्मचारी पर अभद्रता का आरोप**



हरिभूम न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

ग्राम पंचायत डिमरापाल से आए एक मरीज की माता शोभामणी दास अपनी नवजात नातिन का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए महारानी अस्पताल के कक्ष क्रमांक-8 पहुंची थीं। उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के तहत फॉर्म भरा किंतु फॉर्म में कुछ त्रुटि रह गई। उनकी आंखों में परेशानी के कारण वह बिना चश्मे के साफ अक्षरों में लिखने में असमर्थ थीं। इसी बात को लेकर संबंधित कर्मचारी और महिला के बीच कहासुनी हो गई।

आरोप है कि इस दौरान कर्मचारी द्वारा महिला के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीज और उनके परिजन पहले से ही मानसिक एवं शारीरिक तनाव में रहते हैं, ऐसे में कर्मचारियों द्वारा किया गया दुर्व्यवहार उन्हें और अधिक आहत करता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और महारानी अस्पताल की साख बनी रहे।

# महिला सशक्तिकरण को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

जिला प्रशासन द्वारा बिहान योजना के अंतर्गत स्व-सहायता समूह एसएचजी गठन एवं शत-प्रतिशत सेचुरेशन के उद्देश्य से एक अभिनव पहल करते हुए सेवा एक्सप्रेस सुकमा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, अन्य जनप्रतिनिधि और कलेक्टर अमित कुमार ने एसएचजी गठन हेतु समर्पित चार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन दूरस्थ एवं संवेदनशील नियद नेल्ला नार क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को समूहों से जोड़ने का कार्य करेंगे। कलेक्टर ने बिहान की दीदियों एवं जनपद पंचायत की टीम को बधाई देते हुए कहा कि एसएचजी गठन, बैंक खाता खोलने और आधार से जुड़ाव में आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपके समर्पित प्रयासों से कोंटा जनपद में शत-प्रतिशत बैंक खाता और आधार सेचुरेशन सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की कोई भी योजना पात्र हितग्राहियों से




वंचित न रहे और कोंटा क्षेत्र के सभी ग्रामों को शत-प्रतिशत एनआरएलएम से जोड़ा जाए। कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि कोंटा जनपद के अंतर्गत नियद क्षेत्र में 37 ग्राम पंचायतें तथा 159 ग्राम आते हैं, जहां की महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बिहान योजना से जोड़ना प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को ऋण, प्रशिक्षण और आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे उनमें आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास का विकास होता है। नई सोच के साथ आगे बढ़ने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मुकुंद ठाकुर ने कहा कि नियद नेल्ला नार क्षेत्र के गांव-गांव जाकर महिलाओं को बिहान योजना से जोड़ना है। एनआरएलएम के अंतर्गत एसएचजी गठन, बैंक खाता खोलने एवं आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश उन्होंने दिए। जनपद पंचायत कोंटा की अध्यक्ष कुसुमलता कवासी ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रियता के साथ कार्य करें और शासन की योजनाओं से महिलाओं को जोड़ने के लिए कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ें। उन्होंने नारी शक्ति का परिचय देते हुए सभी से प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने कहा। जिला प्रशासन की इस पहल के तहत नियद नेल्ला नार क्षेत्र में महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने हेतु जल्द से जल्द शत-प्रतिशत सेचुरेशन के निर्देश कलेक्टर अमित कुमार द्वारा दिए गए हैं। सेवा एक्सप्रेस के तहत रवाना किए गए चार वाहन चिंतलनार, मरईगुड़ा (वन), दुब्बाटोटा और ढोंड्रा कलस्टरों में नियमित रूप से भ्रमण कर समूह गठन का कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, जनपद पंचायत कोंटा अध्यक्ष कुसुमलता कवासी, अन्य जनप्रतिनिधि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुकुंद ठाकुर, एसडीएम कोंटा सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच जनपद सदस्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# कुपोषण व एनीमिया उन्मूलन के लिए शासन की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में कुपोषण की दर में उल्लेखनीय कमी लाने तथा एनीमिया से ग्रसित गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को समुचित पोषण उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य स्तर में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुपोषित छत्तीसगढ़

- **सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान का प्रदेशव्यापी शुभारंभ**

अभियान का शुभारंभ 1 जनवरी से किया गया है। यह अभियान बलरामपुर, सरगुजा, सूरजपुर, सुकमा, जशपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर में एक साथ प्रारंभ किया गया, जिससे व्यापक स्तर पर जनहितकारी प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके।

अभियान के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा निम्नलिखित प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए हैं



जिसमें निर्धारित 6 माह की अवधि में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं में एनीमिया की स्थिति में प्रभावी कमी लाना। बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाते हुए उन्हें कुपोषण की श्रेणी से बाहर लाना। बाल स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य एवं पोषण सुदृढ़ीकरण की दिशा में ठोस और परिणामोन्मुख कार्यवाही सुनिश्चित करना। अभियान की सफलता हेतु सुपोषण दूतों, स्व-सहायता समूहों, समुदाय तथा जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना। अभियान के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को पोषण आहार वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श सेवाएँ, नियमित फॉलो-अप तथा सतत मॉनिटरिंग की सुदृढ़ व्यवस्था की गई है। बीजापुर जिले में नैमेड़ व भैरमगढ़ में अभियान का औपचारिक रूप से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम सरपंचों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थित में अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संकल्प व्यक्त किया गया। राज्य शासन ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह अभियान प्रदेश में कुपोषण एवं एनीमिया उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा, जिससे महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य सूचकांकों में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# रेलवे ब्लाक से बस्तर की लाइफलाइन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नए साल की शुरुआत में ही बस्तर अंचल के रेल यात्रियों को बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। ईस्ट कोस्ट रेलवे द्वारा कोत्तावालसा-किरंदुल रेलखंड पर तकनीकी कार्य के लिए लिए जा रहे ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक का सीधा असर बस्तर से जुड़ी यात्री व एक्सप्रेस ट्रेनों पर पड़ा है। इस ब्लॉक के चलते जगदलपुर रूट की कई महत्वपूर्ण ट्रेनें अपने निर्धारित गंतव्य तक नहीं पहुंचेंगी और कोरापुट स्टेशन पर ही रोक दी जाएंगी, जिससे बस्तर का रेल संपर्क अस्थायी रूप से बाधित हो जाएगा।

रेलवे द्वारा जारी आदेश के अनुसार विशाखापत्तनम-किरंदुल और किरंदुल-विशाखापत्तनम पैसेंजर ट्रेनों को पूर्ण दूरी तक न चलाकर कोरापुट में ही समाप्त व प्रारंभ किया




जाएगा। इसी तरह भुवनेश्वर-जगदलपुर और राउरकेला-जगदलपुर एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन भी आंशिक रूप से सीमित रहेगा। इस कारण कोरापुट से आगे जगदलपुर और किरंदुल की ओर जाने वाले यात्रियों को वैकल्पिक साधनों पर निर्भर रहना पड़ेगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे यात्रा से पूर्व ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें। ब्लॉक अवधि के दौरान रेल परिचालन सामान्य होने तक यह व्यवस्था लागू रहेगी, जिसके बाद ट्रेनों को पुनः अपने नियमित मार्ग पर चलाया जाएगा।

### ब्लाक से इन ट्रेनों के परिचालन होगा प्रभावित

कोत्तावालसा-किरंदुल रेलखंड में 6 जनवरी को प्रस्तावित ट्रैफिक ब्लॉक के कारण विशाखापत्तनम-किरंदुल पैसेंजर 58501 कोरापुट में शॉर्ट टर्मिनेट होगी,जबकि किरंदुल-विशाखापत्तनम पैसेंजर 58502 कोरापुट से ही शॉर्ट ओरिजिनेट की जाएगी। इसी प्रकार 5 जनवरी को भुवनेश्वर-जगदलपुर एक्सप्रेस 18447 और 6 जनवरी को जगदलपुर-भुवनेश्वर एक्सप्रेस 18448 कोरापुट तक सीमित रहेंगी। राउरकेला-जगदलपुर एक्सप्रेस 18107 (5 जनवरी) और जगदलपुर-राउरकेला एक्सप्रेस 18108 (6 जनवरी) भी कोरापुट पर ही समाप्त व प्रारंभ होंगी,जिससे कोरापुट-जगदलपुर–किरंदुल के बीच रेल सेवा अस्थायी रूप से बाधित रहेगी।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस की पालिसी से प्रेरित होकर कई लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

**सरोना।** कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, जनकल्याणकारी नीतियों एवं संगठन की मजबूती से प्रभावित होकर युवा प्रभाग गोंडवाना समाज नरहरपुर के ग्रामीण अध्यक्ष तथा राज मिस्त्री संघ के सक्रिय सदस्य ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर लिया। दोनों नेताओं का कांग्रेस पार्टी में विधिवत प्रवेश जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन कांकेर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत यादव ने दोनों नवप्रवेशी सदस्यों को फूल माला एवं गमछा पहनाकर कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी रही है और युवाओं की भागीदारी से संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुकेश कुमार मंडावी एवं कुंज लाल साहू अपने अनुभव और सामाजिक जुड़ाव के माध्यम से कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करेंगे। मुकेश कुमार मंडावी ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद कहा कि कांग्रेस की नीतियां आम जनता, किसानों, मजदूरों और युवाओं के हित में कार्य करती हैं। गोंडवाना समाज सहित सभी वर्गों के विकास के लिए कांग्रेस ही एकमात्र मजबूत विकल्प है। वहीं कुंज लाल साहू ने कहा कि वे लंबे समय से कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से प्रभावित रहे हैं।

### दुर्गूकोंदल में आज होगा हिंदू सम्मेलन

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल में हिन्दू सम्मेलन आज 3 जनवरी शनिवार को दोपहर 1 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन दुर्गा मंच, पंडाल, प्राथमिक-माध्यमिक विद्यालय के सामने किया जाएगा। हिन्दू सम्मेलन के सदस्य सेवालाल चिराम ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में जनजातीय कार्य प्रमुख तीश गोकुल पंडा रहेंगे।

### करमोती में माता पहुंचानी 8 को और 10 को देव मेला

**भानुप्रतापपुर।** तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम करमोती में 8 जनवरी माता पहुचानी और 10 जनवरी देव मेला किया जाएगा। गॉव गायता अरविन्द तारम व कमलेश निषाद ने बताया मेला में आसपास गॉव के देवी देवता डांग डोली आँगा, गायता पटेल व ग्रामीण शामिल होंगे।

## बिरनपुर में 75.23 लाख से बनने वाले हाई स्कूल भवन का विधायक ने किया भूमिपूजन

# बिरनपुर का हाईस्कूल गांवों के बच्चों के सपनों को साकार करने वाला केंद्र बनेगा : आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शुक्रवार 2 जनवरी को ग्राम बिरनपुर में 75.23 लाख की लागत से बनने वाले नवीन हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन विधायक आशाराम नेताम ने किया। यह अवसर न केवल एक भवन निर्माण की शुरुआत का था, बल्कि ग्राम के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, बेहतर शिक्षा और समग्र विकास की मजबूत नींव रखने का प्रतीक भी बना। भूमिपूजन के उपरांत विधायक आशाराम ने कहा कि यह भवन केवल ईंट और सीमेंट से बनने वाली संरचना नहीं है, बल्कि यह बिरनपुर और आसपास के गांवों के बच्चों के सपनों को आकार देने वाला केंद्र बनेगा। शिक्षा ही किसी भी समाज की प्रगति की सबसे मजबूत आधारशिला होती है और हमारी सरकार इसी सोच के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सशक्त बना रही है। उन्होंने आगे कहा कि नवीन हाई स्कूल भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को





बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, जहां आधुनिक सुविधाओं के साथ पढ़ाई संभव होगी। इससे न केवल शिक्षा का स्तर ऊंचा उठेगा, बल्कि ग्रामीण बच्चों को भी शहरों के समान अवसर प्राप्त होंगे। विधायक आशाराम ने विश्वास जताया कि यह विद्यालय क्षेत्र में शिक्षा का एक आदर्श केंद्र बनेगा। नवीन भवन में पर्याप्त कक्षाएं, बेहतर बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण मिल सके। शिक्षकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे अध्यापन कार्य और अधिक प्रभावी होगा। कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

### ग्रामवासियों ने जताया आभार

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों ने विधायक आशाराम एवं शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से ग्राम में एक सुव्यवस्थित हाई स्कूल भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब साकार हो रही है। ग्रामीणों ने इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक ऐतिहासिक सौगात बताया।

## आधार बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम जिले के सभी शासकीय दफ्तरों में हुआ लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



कलेक्टोरेट सहित जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं विभागों में आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू कर दी गई है। इसके तहत अधिकारी एवं कर्मचारी अब आधार-आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम के माध्यम से अपनी दैनिक उपस्थिति 1 जनवरी से दर्ज करा रहे हैं। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत स्मार्टफोन पर उपलब्ध आधार आधारित फेशियल वेरिफिकेशन सिस्टम के जरिए अधिकारी और कर्मचारी मोबाइल से ही अपनी एंट्री और एग्जिट मार्क कर रहे है।

कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने स्वयं 1 जनवरी से बायोमेट्रिक अटेंडेंस दर्ज कर कलेक्टोरेट परिसर में इस प्रणाली की विधिवत शुरुआत किया। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से शासकीय कार्यालयों में समयपालन सुनिश्चित होगा तथा कर्मचारियों की उपस्थिति पर सटीक और पारदर्शी निगरानी संभव हो सकेगी। इससे न केवल कार्य-संस्कृति में अनुशासन आएगा, बल्कि आम नागरिकों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं भी मिलेंगी। इससे उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और पूरी तरह डिजिटल हो गई है। इस निर्णय के पीछे शासन का उद्देश्य सरकारी दफ्तरों में अक्सर देखी जाने वाली लेटलतीफी, बीच में अनुपस्थित रहने की प्रवृत्ति तथा समय से पहले कार्यालय छोड़ने जैसी आदतों पर अंकुश लगाना है। अधिकारियों के अनुसार नई व्यवस्था से उपस्थिति की निगरानी आसान होगी और बिना उचित कारण देरी या अनुपस्थिति पर त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी।

### फर्जी उपस्थिति पर लगेगी रोक

गौरतलब है कि यह प्रणाली ई-गवर्नेंस और डिजिटल प्रशासन की दिशा में एक बड़ी पहल मानी जा रही है, जिससे मैनुअल एवं फर्जी एंट्री जैसी समस्याओं पर पूर्णतः रोक लगेगी। मंत्रालय स्तर पर यह व्यवस्था 1 दिसंबर 2025 से लागू की गई थी, वहीं अब 1 जनवरी 2026 से जिले स्तर पर भी इसे प्रभावी रूप से लागू कर दिया गया है।

## बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले दो पुलिसकर्मियों पर चालानी कार्रवाई





**कांकेर।** यातायात नियमों के पालन को लेकर कांकेर पुलिस ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि कानून सबके लिए समान है, चाहे आम नागरिक हो या फिर वर्दीधारी पुलिसकर्मी। नियम तोड़ने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। इसी संदेश के साथ यातायात पुलिस ने शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए बिना हेलमेट वाहन चला रहे दो पुलिस कर्मचारियों पर चालान की कार्रवाई किया। जानकारी के अनुसार 2 जनवरी को एसपी निखिल राखेचा के निर्देशानुसार, एएसपी भानुप्रतापपुर आकाश श्री श्रीमाल के मार्गदर्शन में रक्षित निरीक्षक एवं यातायात प्रभारी दीपक साव के नेतृत्व में यातायात बल कांकेर द्वारा थाना के सामने मोटर चेकिंग प्वाइंट लगाकर सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाते हुए दो पुलिस कर्मी पाए गए, जिन पर तत्काल मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। चालान की जद में आए पुलिस कर्मचारियों में आरक्षक उदय चन्द्राकर पिता स्व. प्रभात चन्द्राकर, निवासी पुलिस लाइन और आरक्षक जुरू सलाम पिता सुकाराम सलाम निवासी पुलिस लाइन है। दोनों पुलिस कर्मचारियों के विरुद्ध धारा 129/194 (डी) के अंतर्गत 500-500 रुपये का चालान काटा गया। इस कार्रवाई से यह साफ संदेश गया है कि यातायात नियमों की अनदेखी किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है और पुलिस को स्वयं नियमों का पालन कर समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी ताकि आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े और सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके।

## अज्ञात पिकअप की ठोकर से बाइक सवार तीन घायलों में से एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

कच्चे से भानुप्रतापपुर मार्ग पर स्थित गांव नारायणपुर के पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात पिकअप वाहन के चालक ने लापरवाही बरतते हुए मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे मोटरसाइकिल में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

भानुप्रतापपुर थाना से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भीरावाही चौकी कच्चे निवासी दीनदयाल पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पिता 56 वर्षीय तुलाराम पटेल 30 दिसंबर को ग्राम भावसा जिला मानपुर मरनी काम से गए थे। मरनी काम के उपांत 1 जनवरी को वापिस लौटते समय वे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीवी 5823 से मेरी दीदी फुलेश्वरी पटेल और दुखीबाई पटेल को उनकी बेटी के घर सेमरापारा छोड़ने जा रहे थे। वे ग्राम नारायणपुर मेन रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक अज्ञात पिकअप वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मारकर भाग गया। इस दुर्घटना में तुलाराम पटेल के दाहिने हाथ और दोनों घुटनों में गंभीर चोट आई है, वहीं फुलेश्वरी पटेल के दाहिने हाथ और चेहरे में चोट लगी है। दुखीबाई पटेल के सिर एवं दाहिने हाथ में भी गंभीर चोटें आई हैं। मुझे घटना की जानकारी निर्मलकर निवासी कुर्री द्वारा फोन के माध्यम से दिया कि आपके पिता घायल हो गए है और भानुप्रतापपुर अस्पताल भेजा गया है। जानकारी मिलते ही मैं अस्पताल पहुँचा और देखा कि फुलेश्वरी पटेल का इलाज चल रहा था, वहीं अधिक चोट होने के कारण दुखीबाई पटेल और तुलाराम पटेल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। भानुप्रतापपुर पुलिस ने शिकायत मिलने पर अज्ञात पिकप वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (अ) , 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की पतासाजी करने में जुट गई है।

## भाजयुमो के नविनयुक्त अध्यक्ष व महामंत्री के स्वागत में निकाली मोटरसायकिल रैली

**भानुप्रतापपुर।** भाजयुमो के जिलाध्यक्ष बनने के उपरांत संजू गोपाल साहू के प्रथम भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल आगमन पर भाजपा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने संगठन को मजबूत करने, युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने और आगामी समय में भाजपा को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया। भाजयुमो भानुप्रतापपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने रानवाही में स्वागत करते हुए बाइक रैली निकाली जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए राजा भानुप्रतापदेव चौक पहुंची, वहां पहुंचने पर अतिथियों का गजमाला



पहनाकर, पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश सोलंकी के नेतृत्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजु गोपाल साहू एवं युवा मोर्चा महामंत्री घनेन्द्र ठाकुर का प्रथम नगर आगमन भानुप्रतापपुर में हुआ। इस अवसर पर भाजपा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा दोनों पदाधिकारियों का भव्य और जोशीला स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राजा पांडे, गुरपाल रंधावा, मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मंडल महामंत्री राजू श्रीवास एवं गिरधर नरेटी, छत्रप्रताप दुग्गा, अरविंद जैन, शुभम गुप्ता, जागेश्वर नरेटी, अंकुर शुक्ला, गौरव शर्मा, गोपाल, तिजुराम, लक्की यदु, प्रशांत प्रधान, प्रियम, मयंक, प्रेम शर्मा, डिकेश साहू, हिमांशु ठाकुर, गौरव श्रीवास्तव, आयुष जायसवाल सहित युवा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### युवाओं का उत्साह भाजपा युवा मोर्चा की ताकत



**दुर्गूकोंदल।** भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल में भाजयुमो कांकेर के नवीन जिलाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, नवीन जिला महामंत्री घनेन्द्र सिंह ठाकुर का स्वागत किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिलाध्यक्ष ने कहा कि युवा मोर्चा में नए उत्साह का संचार हुआ है। भाजपा युवा मोर्चा एक ऐसा संगठन है जो हमेशा संगठन के हर कार्य को करने सदैव तत्पर रहता है, मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को भाजपा संगठन ने जिले की जिम्मेदारी सौंपी है, जिसे मै पूरी निष्ठा से पूरा करने का प्रयास करूँगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो, महामंत्री रामचंद्र कल्लो, शकुंतला नरेटी, मोहन नेताम, जोहन गावड़े, विकास राजू नायक, विजय पटेल, तुलसी मतलाम, धनसिंह ध्रुव, हेमनारायण सिन्हा, विजय पटेल, तुका पटेल, अशोक जैन, बीरेंद्र देहारी, चम्पा गुरुवर, युवा मोर्चा जीवन उईका, मनोज दुग्गा, सुरेश कोवाची, नरेश कोमरा, बीरेंद्र जैन, योगेश कुलदीप, दीपक पुड़ो, नन्द खरे, प्रेम पुड़ो, लोकेश नरेटी, पपीत गावड़े, मिलाप बघेल, विनोद उईका, अनिल उईका शामिल रहे।

## गढ़ बांसला दंतेश्वरी मंदिर में दो दिवसीय देव मेला उत्सव पांच से

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी माँ दंतेश्वरी के पावन सानिध्य में गढ़ बांसला का ऐतिहासिक दो दिवसीय देव मेला इस वर्ष 5 और 6 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। आस्था के इस बड़े केंद्र में मेले की शुरुआत 4 जनवरी को माता पहुंचनी की रस्म के साथ होगी। देव मेला का आयोजन गढ़ बांसला स्थित माँ दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में होगा। उल्लेख्यनीय है कि यह मंदिर परिसर क्षेत्र की श्रद्धा का मुख्य केंद्र है, जहाँ चैत्र नवरात्रि और क्वांर नवरात्रि के दौरान भी विशाल मेले लगते हैं। अब वार्षिक देव मेले के लिए मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। गढ़ बांसला का देव मेला अपनी प्राचीन परंपरा के लिए प्रसिद्ध है। मेले में 84 परगना के देवी-देवता अपने पारंपरिक लाव-लश्कर और आंगा देव के साथ पहुँचते हैं। इस अद्भुत दृश्य को देखने और आशीर्वाद लेने के लिए हजारों की संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु यहाँ एकत्रित होते हैं। आयोजन समिति के अनुसार मेले में बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। 4 जनवरी को माता पहुंचनी के विधान के साथ ही देवी-देवताओं का आगमन शुरू हो जाएगा, जिसके बाद अगले दो दिनों तक क्षेत्र भक्ति और उत्साह के रंग में डूबा रहेगा।

### मनोरंजन और संस्कृतिक कार्यक्रमों की रहेगी बहार

मेले को आकर्षक बनाने के लिए प्रशासन और समिति ने व्यापक तैयारियां की हैं। मनोरंजन के लिए बड़े झूले और मीना बाजार मुख्य आकर्षण होंगे। कटलरी, खिलौने, कपड़े और स्थानीय व्यंजनों की सैकड़ों दुकानें सज रही हैं। मेले की रातों में लोक कला मंच की रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी, जहाँ कलाकार छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की छटा बिखेरेंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## टोकन तुंहर हाथ एप से किसानों को धान बेचने में हो रही आसानी

**कांकेर।** प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों के द्वारा धान बेचने की प्रक्रिया को और अधिक सरलीकृत करते हुए ऑनलाइन माध्यम से टोकन प्राप्त करने की सुविधा मुहैया कराई गई है, जिससे किसानों को पारदर्शिता के साथ आसान से टोकन मिल रहा है। ग्राम देवकोंगेरा के प्रगतिशील किसान मुकेश मंडावी ने बताया कि उन्होंने राज्य शासन द्वारा शुरू किए गए टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से अपना टोकन काटा। टोकन काटने की प्रक्रिया पूरी तरह सरल, सुगम और पारदर्शितापूर्ण रही।



किसान ने बताया कि उनकी लगभग 02 एकड़ कृषि भूमि में उपजाए गए धान को उन्होंने धान खरीदी केंद्र कांकेर में सफलतापूर्वक बेचा। मोबाइल एप के माध्यम से टोकन मिलने के कारण उन्हें न तो लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ा और न ही किसी प्रकार की असुविधा का सामना करना पड़ा। युवा किसान का कहना है कि इस डिजिटल व्यवस्था से समय की बचत, पारदर्शिता और किसानों को सम्मानजनक अनुभव मिल रहा है। शासन की यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप ले किसान मन के काम आसान हो गेहे। अब न तो लाइन लगे के झंझट हे न ही अपन पारी के इंतिजार करे बर पड़य।

## सड़क दुर्घटना में प्रधान आरक्षक घायल बाइक चालक एएसआई पर मामला दर्ज

**कांकेर।** विशेष शाखा कांकेर में पदस्थ प्रधान आरक्षक चंद्रभान मरकाम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने मोटरसाइकिल चालक सउनि पवन जैन के खिलाफ तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने को लेकर थाना कांकेर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

कांकेर थाना से मिली जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर 2025 को प्रधान आरक्षक 51 वर्षीय चंद्रभान मरकाम, जो कि जिला विशेष शाखा कांकेर में पदस्थ हैं, कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद सउनि पवन जैन के साथ थाना अंतागढ़ क्षेत्र के ग्राम कानागांव स्थित शीतला मंदिर में आग लगने की घटना की जानकारी लेने रवाना हुए थे। दोनों सउनि पवन जैन की



मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 1801 से कांकेर से अंतागढ़ जा रहे थे, जिसमें चंद्रभान मरकाम पीछे बैठे हुए थे। 20 दिसंबर की दोपहर लगभग सवा 12 बजे कोरर थाना के सामने सउनि पवन जैन द्वारा तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के कारण मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में प्रधान आरक्षक चंद्रभान मरकाम के दाहिने पैर की टखने के ऊपर गंभीर फ्रैक्चर हो गया। घटना के तुरंत बाद कोरर थाना स्टाफ के सउनि उमेश वर्मा, आरक्षक ईश्वर कावड़े एवं अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचे। घायल प्रधान आरक्षक को देख कोरर थाना स्टाफ के वाहन से आरक्षक अशोक मारगिया एवं सैनिक जोहन नेताम द्वारा उन्हें कांकेर स्थित शासकीय कोमलदेव अस्पताल पहुंचाया गया। घायल प्रधान आरक्षक का इलाज 20 दिसंबर से 29 दिसंबर तक जिला अस्पताल में चला। इसके बाद 30 दिसंबर 2025 को उन्हें डिस्चार्ज किया गया। स्वस्थ होने के पश्चात 01 जनवरी 2026 को उन्होंने थाना कांकेर पहुंचकर दुर्घटना की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई तथा मामले में विधिक कार्रवाई की मांग किया। प्रधान आरक्षक की लिखित शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक एएसआई के खिलाफ धारा 125 (अ) 125 (ब), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए मिला बीएलओ-सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण

**22 तक दावा-आपत्ति की सुनवाई में अनिवार्य रूप से रहेंगे बीएलओ उपस्थित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर एवं सुपरवाइजरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज भानुप्रतापपुर, चारामा एवं दुर्गुकोंदल के तहसील सभा कक्षों में आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीलेश क्षीरसागर के मार्गदर्शन में भानुप्रतापपुर विधानसभा के ईआरओ एवं एसडीएम गंगाधर वाहिले ने कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण निर्वाचन प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण



कार्य है। वर्तमान में ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है, जिसमें नो मैपिंग (कैटेगरी-सी) के मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। सभी बीएलओ नोटिस का विधिवत तामील कर उसकी एक प्रति कार्यालय में जमा करेंगे तथा नोटिस दिवस के दिन अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि नए एवं युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने विशेष ध्यान दें। तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा ने सभी बीएलओ से कहा कि नोटिस तत्काल मतदाताओं को वितरित कर उनसे पावती प्राप्त करें तथा प्रतिदिन अपने-अपने मतदान केंद्रों पर अविहित अधिकारी के साथ बैठकर कार्य करें।

जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर टिकेश्वर सिंह ठाकुर ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि कैटेगरी-ए एवं बी के कुछ मतदाताओं के नाम लॉजिकल एरर के कारण प्रदर्शित हो रहे हैं, जिनके लिए बीएलओ द्वारा अंडरटेकिंग प्रमाण पत्र अपलोड किया जाना अनिवार्य है। साथ ही नो मैपिंग प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेजों को बीएलओ एप के माध्यम से अपलोड करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि जिन नागरिकों ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, उनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए फार्म-6 एकत्र कर ऑनलाइन प्रविष्टि की जाए, साथ ही घोषणा पत्र भी अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए। निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर ने बीएलओ एप में आ रही तकनीकी समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान बताया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411